दिनांकः 07.10.2023 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

चीन के हांगझाऊ में चल रहे 19वें एशियाई खेलों का आज अंतिम दिन है। इन खेलों में अब तक भारत ने सौ पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित कर लिया है। महिला कबड्डी के फाइनल में भारत ने चीनी ताइपे को हराकर सौंवां पदक जीता और इसी के साथ भारत 25 स्वर्ण, 35 रजत और 40 कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर बना हुआ है।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई खेलों में सौ पदक जीतने पर भारतीय दल को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान पर हर विस्मयकारी प्रदर्शन ने इतिहास रचा है और देश को गोरवान्वित किया है। श्री मोदी ने कहा कि वह 10 अक्टूबर को एशियाई खेलों के दल की मेजबानी करने और एथलीटों के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं।
केन्द्रीय खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने सौ पदक हासिल करने पर सभी एथलीटों को बधाई दी है। श्री ठाकुर ने नई दिल्ली में मीडिया से कहा कि ये एथलीट भावी खिलाडियों के लिए प्रेरणा–स्रोत बनेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय एथलीटों ने एशियाई खेलों के 72 वर्ष के इतिहास के कई विश्व रिकॉर्ड तोड़कर नए रिकॉर्ड बनाए हैं।

....

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज हनुमानगढ़ जिले के प्रसिद्ध गोगामेड़ी मन्दिर में पूजा अर्चना कर देश–प्रदेश की समृद्धि की कामना की। हनुमानगढ़ पहुंचने पर केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी और शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने उपराष्ट्रपति का स्वागत किया। इसके बाद श्री धनखड़ का सूरतगढ़ में सेंट्रल स्टेट फॉर्म और जोधपुर के केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान केन्द्र–काजरी के दौरे का भी कार्यक्रम है।

....

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में, वस्तु और सेवा कर–जी.एस.टी परिषद की 52वीं बैठक इस समय नई दिल्ली में चल रही है। बैठक में, केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के वित्तमंत्री तथा केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

....

राज्य सरकार ने कल रात एक आईएएस और 53 आरएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार आईएएस डॉ. धीरज कुमार सिंह को नागौर के खींवसर में उपखंड अधिकारी और उपखंड मजिस्ट्रेट का पदभार सौंपा गया है। वहीं आर.एस.एस. अधिकारी लोकेश कुमार मीणा को जयपुर जिला मजिस्ट्रेट में अतिरिक्त जिला कलेक्टर की जिम्मेदारी दी गयी है।

डॉ. प्रभा विकास को जयपुर जिला परिषद अधिकारी प्रथम, रचना भाटिया को बीकानेर में अतिरिक्त आयुक्त उपनिषद सतर्कता, भावना शर्मा को कोटा उत्तर में अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम, कैलाश चंद शर्मा को नाथद्वारा मंदिर मंडल का मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राजेश जोशी को उदयपुर नगर विकास न्यास के सचिव और यशपाल आहूजा को श्रीगंगानगर नगर परिषद में आयुक्त नियुक्त किया गया है।

....

राज्य सरकार ने आठ विभिन्न बोर्ड के गठन को स्वीकृति दी है। इनमें राजस्थान राज्य राजा बली कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य वाल्मिकी कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य मेघवाल कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य पुजारी कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य केवट कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य जाटव कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य धाणका कल्याण बोर्ड और राजस्थान राज्य चित्रगुप्त कायस्थ कल्याण बोर्ड शामिल हैं। ये बोर्ड संबंधित वर्गों के पिछड़ेपन को दूर करने के सुझाव सरकार को देंगे। साथ

ही, सामाजिक बुराइयों और कुरीतियों के खिलाफ ठोस उपाय करने सहित अन्य सुझाव भी राज्य सरकार को प्रस्तुत किए जाएंगे।

....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक प्रोफेसर एमएस स्वामीनाथन की जयंती पर उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि कृषि में उनके अग्रणी कार्य ने भारत को भोजन की कमी वाले देश से आत्मनिर्भर राष्ट्र में बदल दिया। श्री मोदी ने अपने ब्लॉग में कहा कि प्रोफेसर स्वामीनाथन के कृषि और गेहूं प्रजनन जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में किये गये काम से गेहूं उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि ने उन्हें भारतीय हरित क्रांति के जनक की उपाधि दिलाई।

....

भरतपुर के कैवलादेव राष्ट्रीय उद्यान घना में पेंटेड स्टॉर्क के घोसलों में से नवजात शिशुओं की किलकारी गूंज रही है। करीब साढे तीन सौ से अधिक घोसलों में हुई नेस्टिंग के बाद अंडों में से बच्चे निकल आए हैं। पेटेंड स्टॉर्क के नवजात शिशु की संख्या करीब सात सौ बताई गई है, जो पिछले वर्षों के मुकाबले ढाई गुना अधिक है। इस बार क्षेत्र में हुई अच्छी बारिश के कारण राष्ट्रीय उद्यान में पक्षियों की नेस्टिंग प्रक्रिया आसानी से सम्पन्न हुई है।

....